तापमान
अधिकतम 19.3 डिग्री
न्यूनतम 3.6 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार 1 जनवरी 2026

14 नए साल के जश्न पर जमकर थिरके छात्र...



14 खेलकूद में ग्रामीण महिलाओं ने दिखाया जोश



# 2025 के अंतिम दिन भी मौसम में बनी हाड़ तोड़ ठंड से नहीं मिली राहत

**>> सर्दी के मौसम में** वर्ष का अंतिम बुधवार अब तक का सबसे ठंडा दिन रहा

**>> दिन भर छाए रहे** आसमान में धुंध के बादल और चलती रही शीत लहर

■ अलाव जलाकर व घरों में दुबक कर लोगों ने ठंड से राहत पाने का किया प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

वर्ष 2025 के अंतिम दिन बुधवार को अल सुबह से दोपहर तक घना कोहरा छाए रहने, शीतलहर चलने व दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहने से मौसम में हाडतोड़ ठंड बनी रही।

वर्ष का अंतिम बुधवार इस सर्दी के मौसम में अब तक का सबसे ठंठा दिन रहा। आलम यह रहा कि साल के अंतिम दिन ठंड का के प्रकोप से राहत पाने के लिए लोग दिन भर घरों में दूबके रहे। वहीं, कामकाजी लोगों ने अलाव जलाकर और अधिकांश दुकानदारों ने हीटर आदि पर सेंककर ठंड से राहत पाने का प्रयास किया। मौसम में ठंड बढ़ने से साल के अंतिम दिन जिला का तापमान घटकर अधिकतम 17 डिग्री सेल्सियर व न्यूनतम मात्र सात डिग्री सेल्सियस रह गया।

बुधवार को वर्ष 2025 का अंतिम दिन रहा। लोगों को उम्मीद थी कि वर्ष के अंतिम दिन सूर्यदेव के दर्शन होंगे और अच्छी धूप खिलेगी। मगर ऐसा नहीं हुआ। वर्ष के अंतिम दिन भी रोज की तरह अल सुबह से घना कोहरा छा गया और शीतलहर चलने लगी और आसमान में धुंध के बादल छा गए। जिससे मौसम में बनी ठंड से लोगों की कंपकपी छुट गई। मौसम विशेषज्ञों की माने तो सर्दी के मौसम में साल का अंतिम दिन बुधवार जिले के लिए अब तक का सबसे ठंडा दिन साबित हुआ। जिससे दिन भर मौसम में कड़ाके की ठंडक बनी रही। खास बात तो यह रही कि दोपहर तक लोग अपने कामधंधे पर जाने के लिए हिम्मत नहीं जुटा सके और अधिकांश लोग घरों में दुबके रहे।

इस दौरान जो लोग अपनी दुकानों या अपने गंतव्यों पर पहुंचे, वह या तो हीटर पर या फिर अलाव जलाकर सेंकते नजर आए।





यमुनानगर। बुधवार को कड़ाके की ठंड में अलाव तापते कामकाजी लोग व आसमान में छाए घने कोहरे में सड़कों पर लाइटें जलाकर अपने गंतव्य पर जाते लोग।

### तापमान में आई गिरावट

मौसम में लगातार बढ़ रही ठंड से बुधवार को जिले का न्यूनतम तापमान घटकर 7 सेल्सियस और अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो अगले कुछ दिन आसमान में धुंध के बादल छाए रहने व शीतलहर चलने की संभावना है।

### बच्चों व बुजुर्गों का बढ़ती ठंड में रखें ध्यान

हृदय एवं अस्थमा रोग विशेषज्ञ डॉ. निर्मल सिंह ने मौसम में बन रही कड़ाके की ठंड में बच्चों व बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने के लिए सलाह दी है। उनका कहना है कि बढ़ती ठंड में खासकर सांस से पीड़ित बुजुर्गों को बाहर नहीं निकलना चाहिए। यादि जरुरी है तो गर्म कपड़े पहनकर बाहर निकलें। क्योंकि ठंड में सांस के मरीजों को परेशानी हो सकती है। वहीं, बच्चों को ठंड में नजला, निमोनिया आदि की शिकायत हो सकती है। उन्होंने बच्चों व बुजुर्गों समेत बढ़ती ठंड में हल्का गर्म पानी पीने और अच्छा खानपान करने की सलाह दी।

## बाइक सवार ने युवती से झपटा मोबाइल

**यमुनानगर।** जगाधरी की श्रीनगर कॉलोनी में बाइक सवार युवक ने युवती से मोबाइल से झपट लिया। घटना के बाद आरोपी युवक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने युवती की शिकायत पर अज्ञात युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। अंबाला के बराड़ा निवासी शिवानी कमल ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 30 दिसंबर को जगाधरी की श्रीनगर कॉलोनी में आई हुई थी। इस दौरान वह किसी काम से जा रही थी। रास्ते में उसके पास उसके किसी परिचित का फोन आया। जब वह पर्स से फोन निकाल कर सुनने लगी तो बाइक पर सवार होकर एक युवक आया। आरोपी ने आते ही हाथ से मोबाइल झपट लिया और मौके से फरार हो गया।

■ पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ किया केस दर्ज

### खबर संक्षेप

## दो युवकों ने महिला से की छेड़छाड़, केस दर्ज

**यमुनानगर।** व्यासपुर किसी काम से आई महिला से दो युवकों ने रास्ते में रोक कर छेड़छाड़ की। महिला के विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने महिला की शिकायत पर दोनों आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिला अंबाला के एक गांव निवासी 30 वर्षीय महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह आठ दिसंबर को व्यासपुर किसी काम से आई थी। इस दौरान वह व्यासपुर रेस्ट हाउस के पास पहुंची तो उसे रास्ते में गांव मारवा खुर्द निवासी जुल्फान व साहिल मिले। इस दौरान आरोपियों ने उसे रास्ते में रोक लिया और उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगे। जब उसने आरोपियों का विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की व मारने की धमकी दी।

## मल्टी एक्टिविटी हाल का उद्घाटन किया

**घरौंडा।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण में आज घरौंडा के राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 42 लाख रुपये की लागत से बने मल्टी एक्टिविटी हाल का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करने, नशे से दूर रहने, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने और अध्यापकों का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया। विधानसभा अध्यक्ष ने घरौंडा के मॉडल संस्कृति स्कूल में हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के तहत बनवाए गए साढे 86 फुट लंबे और 36 फुट चौड़े मल्टी एक्टिविटी हॉल का उद्घाटन किया। उन्होंने स्कूल को बधाई दी और कहा कि हाल का प्रयोग विद्यार्थी विभिन्न गतिविधियों के लिए कर सकेंगे।

### अंबाला में किसानों को जांच अधिकारियों की सलाह

# येलो रस्ट पाए जाने पर तुरंत पौधे को उखाड़कर जमीन में दबा दें

**गांव मिल्क धनकोटा, मनका, बिकमपुर व ब्लॉक साहा के गांव तेपला, जिला पंचकूला के खंड रायपुररानी के गांव, हंगोला, प्यारेवाला व गड़ी कोटाहा का सर्वेक्षण किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। फसल में येलो रस्ट की जांच करते कृषि अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

सहायक पौधा संरक्षण अधिकारी डॉ. शेखर ने बताया कि केंद्र सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के क्षेत्रीय एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन केंद्र फरीदाबाद एवं जिला कृषि विभाग ब्लॉक बराड़ा , ब्लॉक साहा व जिला कृषि विभाग, पंचकूला के ब्लॉक रायपुर रानी के विभिन्न क्षेत्रों में गेहू की फसल में येलो रस्ट का संयुक्त सर्वेक्षण किया गया।

उन्होंने बताया कि भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के क्षेत्रीय एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन केंद्र फरीदाबाद के क्षेत्रीय हेड एवं उपनिदेशक डॉ. वंदना पांडेय के निर्देशन में जिला कृषि विभाग के डॉ. प्रवीन कुमार, खंड कृषि अधिकारी, साहा, डॉ. अमनदीप, खंड कृषि अधिकारी, रायपुररानी, डॉ. विनय कुमार, कृषि विकास अधिकारी व डॉ. भूपिन्द्र, कृषि विकास अधिकारी व विशाल शर्मा, कृषि सुपरवाइजर के सहयोग से गेहूं की फसलों की कीट एवं बीमारियों का गांव मिल्क धनकोटा, मनका व बिकमपुर व ब्लॉक साहा के गांव तेपला व जिला पंचकूला के खंड रायपुररानी के गांव, हंगोला, प्यारेवाला व गड़ी कोटाहा का सर्वेक्षण किया। इन क्षेत्रों में अभी तक गेहूं में कोई भी कीट एवं बीमारी का प्रकोप नहीं देखा गया। इस दौरान किसानों को गेहूं में लगने वाली कीट एवं बीमारियों जैसे येलो रस्ट आदि के बारे सुझाव दिए कि फसलों पर निगरानी रखें।

खेत में जहां भी येलो रस्ट का प्रभाव देखें उन पौधों को उखाड़ कर पॉलीथिन में रख कर जमीन में दबा दें। फसलों में ज्यादा प्रकोप होने पर केंद्रीय कीटनाशी पंजीयन बोर्ड द्वारा अनुमोदित फंडीसाइडस का प्रयोग करें।

### टीम में ये रहे मौजूद

जांच टीम में भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के क्षेत्रीय एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन केंद्र फरीदाबाद से सहायक पौधा संरक्षण अधिकारी लक्ष्मी कांत, सहायक पौध संरक्षण अधिकारी राम कुमार, सहायक पौध संरक्षण अधिकारी सुरजीत बर्मन एवं किसान भी मौजूद रहे।

### डीआरओ की जांच रिपोर्ट पर कार्रवाई

## बिना परमिशन म्यूटेशन बदलने पर पटवारी व कम्यूटर ऑप्रेटर पर केस, निजी सहायक भी फंसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहज़ादपुर

■ पुलिस ने आरोपियों पर कई धाराओं के तहत केस दर्ज किया

तहसील में मालिक हिस्सेदार की सहमति के बिना म्यूटेशन तब्दील करने का मामला सामने आया है। जिला उपायुक्त के आदेश पर जिला राजस्व अधिकारी द्वारा की गई जांच में तत्कालीन पटवारी महेश कुमार, उसके निजी सहायक संजीव कुमार व कम्प्यूटर ऑप्रेरटर विकास कुमार उर्फ अशोक कुमार को जिम्मेवार ठहराया गया है। जांच रिपोर्ट के बाद नायब तहसीलदार की शिकायत पर थाने में तीनों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में पटवारी व कंप्यूटर ऑप्रेटर को पहले ही निलंबित किया जा चुका है।

### 26 सितंबर को डीसी को दी थी शिकायत

दरअसल चंडीगढ़ के सेक्टर 15 डी के रहने वाले अर्जुन गुप्ता, रमेश गुप्ता , वीणा कुमारी गोयल ने 26 सितंबर 2025 को उपायुक्त को दी गई शिकायत में कहा कि उन्होंने वर्ष 2002 व 2010 में सतपाल पुत्र मेहरचंद से भूमि खरीदी थी। इसके इंतकाल नंबर 4851 व 5891 है। बकौल शिकायतकर्ता 2024 की जमाबंदी में भी उनका नाम खरीदे गए सभी खसरा नंबर में मौजूद था। 11 सितंबर 2025 की जमाबंदी में कुछ खसरा नंबरों में उनके नाम नहीं है। अर्जुन की शिकायत पर उपायुक्त ने 8 दिसंबर 2025 को जिला राजस्व अधिकारी को इस संदर्भ में जांच सौंपी जिस पर डीआरओ ने 18 दिसंबर 2025 को जांच रिपोर्ट में कहा कि इंतकाल नंबर 10165 पड़त पटवार में चस्पा इंतकाल स्कैन व रंगीन प्रतीत होता है जो 30 मई 2024 को महेश पटवारी द्वारा दर्ज किया गया। जांच रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि यह इंतकाल डिलीटकर दोबारा दर्ज किया गया। जांच रिपोर्ट में महेश पटवारी, कंप्यूटर ऑप्रेटर विकास कुमार उर्फ़ अशोक कुमार व पटवारी के निजी सहायक संजीव कुमार को जिम्मेदार ठहराया गया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 167, 420,467, 468,471, 120-बी के तहत शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



इंद्री। राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला रायतखाना में बच्चों को स्कूल शूज वितरित करते सुरेन्द्र उड़ाना। फोटो : हरिभूमि

## इंद्रीः रायतखाना सरकारी स्कूल में 118 जरूरतमंद बच्चों को बांटे स्कूली शूज

इंद्री। राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला रायतखाना में सर्व कल्याण मंच हरियाणा के करनाल जिला अध्यक्ष सुरेंद्र उड़ाना ने जरूरतमंद बच्चों को स्कूल जूते वितरित किए गए। कार्यक्रम में पहुंचने पर स्कूल के अध्यापकों की ओर से उनका बुके देकर स्वागत किया गया। सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले 118 जरूरतमंद बच्चों को स्कूल शूज दिए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुरेन्द्र उड़ाना ने कहा कि सर्व कल्याण मंच हरियाणा समाज सेवा के कार्यों में निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रहा है। मंच द्वारा समय-समय पर स्कूल शूज, जर्सी, स्टेशनरी सहित अन्य शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया जाता रहा है और आगे भी यह सेवा जारी रहेगी। मंच का मुख्य उद्देश्य साधारण व जरूरतमंद परिवारों के बच्चों की शिक्षा को प्रोत्साहित करना है। सुरेन्द्र उड़ाना ने बताया कि मंच के प्रदेश अध्यक्ष नवीन कौशिक के नेतृत्व में सर्व कल्याण मंच हरियाणा का प्रदेश स्तर पर तेजी से विस्तार हुआ है । इस अवसर पर स्कूल के मुख्य अध्यापक देवेंद्र सहित स्कूल के स्टाफ सदस्य मौजूद रहें ।

## महिला बंदियों को स्टफ खिलौने बनाने की मिलेगी ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



■ महिला आयोग की चेयरपर्सन ने सेंट्रल जेल का किया मुआयना

■ तैयार होने बाद मेलों में बिक्री के लिए रखे जाएंगे

■ दो बंदियों को ऑनलाइन कोर्स करवाने का निर्णय

हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने बुधवार को अंबाला सेंट्रल जेल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल में महिला बंदियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनी। साथ ही जेल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान महिला बंदियों के पुनर्वास और भविष्य को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।रेनू भाटिया ने बताया कि अंबाला सेंट्रल जेल में कुल 58 महिलाएं बंद हैं। उनसे उन्होंने व्यक्तिगत रूप से बातचीत की है। जेल प्रशासन के साथ विचार-विमर्श के बाद कुछ महिला बंदियों को स्टफ टॉयज बनाने की ट्रेनिंग देने का निर्णय लिया गया है। इन उत्पादों को महिला आयोग अथवा जेल प्रशासन द्वारा सूरजकुंड , दीवाली , सरस , स्वदेशी मेला सहित प्रदेश में लगने वाले विभिन्न मेलों में बिक्री के लिए रखा जाएगा। बिक्री से प्राप्त राशि का एक हिस्सा संबंधित महिलाओं को दिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान दो ऐसी महिला बंदी मिलीं जिन्होंने भविष्य में कुछ बेहतर करने की इच्छा जताई। इनमें से एक जेल की लाइब्रेरी संभाल रही है जिसके लिए ऑनलाइन लाइब्रेरी कोर्स करवाने का निर्णय लिया गया है। दूसरी ने टूरिज्म के क्षेत्र में काम करने की इच्छा जताई जिस पर जेल सुपरिंटेंडेंट सतविंदर गोदारा से बातचीत कर उसे इग्नू अथवा किसी अन्य संस्थान से ऑनलाइन टूरिज्म कोर्स करवाने की योजना बनाई गई है।

### नववर्ष के उपलक्ष्य में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से कार्यक्रम आयोजित

# नववर्ष का वास्तविक उत्सव तब है, जब अपने विचार वाणी व कर्म को सकारात्मक बनाएं : ब्रह्माकुमारी

■ सभी ने नववर्ष को श्रेष्ठ,सुखद और सफल बनाने का संकल्प लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री



इंद्री। पुष्प वाटिका इंद्री में आयोजित कार्यक्रम मे प्रवचन करतीं किरण बहन। फोटो : हरिभूमि

पुष्प वाटिका इंद्री मे प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से नववर्ष के उपलक्ष्य में एक आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

कार्यक्रम मे काफी संख्या में श्रद्धालु भाई-बहन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल नववर्ष का उत्सव मनाना ही नहीं था, बल्कि यह संदेश देना भी था कि पूरे वर्ष को शांति, संतुलन और प्रसन्नता के साथ किस प्रकार जिया जाए। इस मौके पर करनाल से आई ब्रह्माकुमारी किरण बहन, ममता बहन व रजनी बहन ने अपने प्रेरणादायक प्रवचनों एवं प्रभावशाली व्यक्तित्व से सभी को नई ऊर्जा से भर दिया। उन्होने कहा कि नववर्ष का वास्तविक उत्सव तब है, जब हम अपने विचार, वाणी और कर्म को सकारात्मक बनाएं। उन्होंने बताया कि जीवन में आने वाली हर परिस्थिति में समान रहना, सहन करना और परखना सीख लें, तो जीवन स्वतः ही सुखमय बन जाता है। कार्यक्रम के दौरान आध्यात्मिक खेलों का भी आयोजन किया गया, जिनका उद्देश्य मनोरंजन के साथ-साथ आत्मचिंतन को बढ़ावा देना था। इन खेलों में किसी भी प्रकार की हार-जीत नहीं रखी गई, बल्कि सभी को आपसी प्रेम, सहयोग और आनंद का अनुभव कराया गया। प्रतिभागियों ने इन गतिविधियों को जीवन से जोड़ते हुए अत्यंत उपयोगी बताया। उन्होने कहा कि यदि व्यक्ति अपने भीतर की शक्ति को पहचान ले, तो वह हर परिस्थिति में स्वयं को प्रसन्न रख सकता है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने नववर्ष को श्रेष्ठ, सुखद और सफल बनाने का संकल्प लिया।

### ये रहे मौजूद

मौके पर जय प्रकाश बंसल, समय सिंह, सुभाष बंसल, चरण सिंह, गुलाब सिंह, हन्नी खुराना, धर्म सिंह, आशा रानी, नीरू रानी, एकता व राजबाला सहित काफी संख्या मे भाई व बहने उपस्थित रहीं।



## खबर संक्षेप

### जनजागरूकता बढ़ाने पर प्रशासन सख्त

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने जिले में एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के प्रति आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने ऐसे क्षेत्रों की पहचान करने को कहा, जहां इस प्रकार के मामले अधिक सामने आ रहे हैं, ताकि वहां विशेष जागरूकता कैंप और कार्यशालाएं आयोजित की जा सकें। लघु सचिवालय में आयोजित जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक में उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि अधिनियम के अंतर्गत आने वाले मामलों की जांच पूरी निष्पक्षता, संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ की जाए। किसी भी निर्दोष के साथ अन्याय न हो और वास्तविक पीड़ित को समय पर न्याय व सहायता राशि मिलना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जिला कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त बजट की मांग तुरंत भेजी जाए, ताकि सहायता राशि के भुगतान में कोई देरी न हो। बैठक में समिति के सदस्य और संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### 30 जरूरतमंद छात्रों को स्टेशनरी की वितरित

**कुरुक्षेत्र।** समाजसेवा को जीवन का उद्देश्य मानने वाले प्रसिद्ध समाजसेवी गुरप्रीत सिंह, कुरुक्षेत्र ने अपने पूज्य पिता सचखंड वासी स्वर्गीय रघबीर सिंह की 13वीं पुण्यतिथि के अवसर पर जरूरतमंद बच्चों को स्टेशनरी सामग्री वितरित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। यह सेवा कार्यक्रम गुरप्रीत सिंह द्वारा अपने समस्त परिवार की ओर से आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को शिक्षा व जीवन सुरक्षा दोनों के प्रति जागरूक करना रहा।

### सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन

**कुरुक्षेत्र।** बुधवार को जगदीश चंद्र राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ठोल में एनएसएस के सात दिवसीय शिविर का समापन बड़े धूमधाम से किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा के युवा नेता सुभाष कलसाना, यादविंद्र, गीता राम, नसीब, अश्वनी थडौली मौजूद रहे। कार्यक्रम अधिकारी सुरेश कुमार व स्वयंसेवकों ने सभी अतिथियों का शिविर में पहुंचने पर स्वागत किया। सुभाष द्वारा बच्चों को विकसित भारत व उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं व प्रगति व उन्नति करने के लिए प्रेरित किया गया।

### स्वास्थ्य जांच शिविर में 141 मरीजों को जांचा

**शाहबाद।** रोटरी क्लब शाहबाद मारकंडा द्वारा सिद्धार्थ हॉस्पिटल में एक निःशुल्क बीएमआई स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। शिविर में कुल 145 मरीजों की जांच की गई और लोगों को अपने स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाई गई। शिविर में बी.एम.आई., शरीर वसा प्रतिशत, मांसपेशी दर, शरीर की नमी स्तर, अस्थि द्रव्यमान, बी.एम.आर., प्रोटीन स्तर, शारीरिक आयु, आंतरिक वसा सूचकांक, उपचर्म वसा जैसी उन्नत स्वास्थ्य जांचें की गईं, जिनसे मरीजों को अपने शरीर की वास्तविक स्थिति और भविष्य में होने वाले स्वास्थ्य जोखिमों के बारे में जागरूक किया गया।

# नए साल में एमएचयू को मिलेगा मेन कैंपस का तोहफा : कुलपति

## 421 करोड़ से बन रहा अत्याधुनिक परिसर

- उचानी स्थित मैन कैंपस में बनेंगे 9 विभाग, उत्तर भारत के किसानों को मिलेगा सीधा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

नए साल 2026 में महाराणा प्रताप हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी करनाल को उसका भव्य मैन कैंपस मिलने जा रहा है। नए बस स्टैंड उचानी क्षेत्र में 421 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इस मेन कैंपस का निर्माण कार्य 50 प्रतिशत से अधिक पूरा हो चुका है और शेष कार्य तेज़ी से प्रगति पर है। विश्वविद्यालय प्रशासन का लक्ष्य निर्धारित समय में निर्माण कार्य पूर्ण कर शैक्षणिक एवं अनुसंधान गतिविधियों को पूरी क्षमता के साथ शुरू करना है। विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा ने बताया कि 9 दिसंबर 2024 को नरेंद्र मोदी द्वारा पानीपत से इस मैन कैंपस का वर्चुअल शिलान्यास किया गया था। लगभग 65 एकड़ क्षेत्र में विकसित हो रहे इस परिसर को दो पैकेजों में तैयार किया जा रहा है, ताकि निर्माण कार्य समानांतर रूप से तेज़ी से पूरा किया जा सके।

### ग्रीन टेक्नोलॉजी से लैस होगा परिसर

*कुलपति ने बताया कि मैन कैंपस के सभी भवन 'गृह-3' रेटिंग वाली ग्रीन श्रेणी के होंगे, जिनमें जल संरक्षण और ऊर्जा दक्षता की आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाएगा। विश्वविद्यालय का उद्देश्य विश्वस्तरीय तकनीकों पर शोध कर उन्हें उत्तर भारतीय जलवायु के अनुकूल बनाना और किसानों तक पहुंचाना है, ताकि किसान नई तकनीक अपनाकर उच्च गुणवत्ता वाली फसलें उगाएं और बेहतर बाजार मूल्य प्राप्त कर अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकें।*

### दो पैकेज में हो रहा है निर्माण कार्य

*प्रो. सुरेश मल्होत्रा ने बताया कि पहले पैकेज में मुख्य प्रशासनिक भवन, शैक्षणिक भवन, पुस्तकालय, आधुनिक अनुसंधान प्रयोगशालाएं और विभागीय इमारतों का निर्माण किया जा रहा है। वहीं दूसरे पैकेज में कुलपति आवास, कर्मचारी आवास, अंतरराष्ट्रीय छात्रावास, छात्र-छात्राओं के छात्रावास, किसान प्रशिक्षण छात्रावास, बहुउद्देश्यीय हॉल, व्यायामशाला, एम्फीथिएटर, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, चिकित्सा देखभाल केंद्र, सीवरेज ट्रीटमेंट सिस्टम, आंतरिक सड़कें, बैंक, एटीएम और डाकघर जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी।*

### कैंपस में 9 प्रमुख विभाग

कुलपति प्रो. मल्होत्रा के अनुसार, मेन कैंपस में बागवानी से जुड़े 9 अत्यंत महत्वपूर्ण विभाग स्थापित किए जाएंगे। इनमें फल विज्ञान विभाग, सब्जी विज्ञान विभाग, फल एवं मसाला फसलें तथा औषधीय फसलें विभाग, कटाई उपरांत प्रबंधन विभाग, मधुमक्खी पालन विभाग, मशरूम अनुसंधान विभाग, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन विभाग, बेसिक साइंस तथा सोशल साइंस विभाग शामिल होंगे। इन विभागों के माध्यम से बागवानी के हर पहलू पर उच्च स्तरीय शिक्षा, अनुसंधान और प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा।

### किसानों के लिए होगा परिवर्तनकारी साबित

एमएचयू का मैन कैंपस केवल हरियाणा ही नहीं, बल्कि उत्तर भारत के किसानों के लिए भी लाभकारी सिद्ध होगा। पंजाब, चंडीगढ़, राजस्थान और उत्तर प्रदेश सहित आसपास के राज्यों के किसान आधुनिक बागवानी तकनीकों, उन्नत किस्मों के बीज एवं पौध, फसल सुरक्षा, पोषण प्रबंधन और मूल्य संवर्धन से जुड़ी नवीनतम जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। विश्वविद्यालय द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों में संचालित छह अनुसंधान केंद्र भी किसानों तक यह ज्ञान और सुविधाएं पहुंचा रहे हैं।

## उपायुक्त ने सिंचाई व राजस्व विभाग के साथ की समीक्षा बैठक

- विकास कार्यों की गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं होना चाहिए।

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में सिंचाई एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक कर बाढ़ बचाव प्रबंधन को लेकर सख्त निर्देश जारी किए। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि बाढ़ से निपटने के लिए सभी विभाग अभी से तैयारियां शुरू करें और प्रबंधों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हरियाणा राज्य सूखा राहत एवं बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की 57वीं बैठक लेकर सभी उपायुक्तों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे, जिनके अनुपालन को लेकर जिला स्तर पर यह समीक्षा बैठक आयोजित की गई। विकास कार्यों की गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं होना चाहिए। विशेष रूप से नदियों पर बनाए जाने वाले स्टड व दीवारें मजबूत हों और निर्धारित मानकों के अनुरूप ही तैयार की जाएं। कार्य पूर्ण होने के बाद स्थानीय लोगों से फीडबैक लेना भी अनिवार्य किया गया। उन्होंने निर्देश दिए कि संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए पहले से ही ठोस एक्शन प्लान तैयार किया जाए।

# सार्वजानिक कार्यों के लिए रेल बना दूंगा : कल्याण



**करनाल।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने ग्रामीणों को कहा कि सार्वजानिक कार्यों की रेल बना दूंगा। चिंता करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पुल निर्माण का शीघ्र रास्ता निकले ताकि लोगों को नए पुल की सौगात मिल सके। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण बुधवार को गांव गढ़ी भरल में पुरानी यमुना नदी पर स्थित पुल का निरीक्षण करने पहुंचे थे और विभागीय अधिकारियों से पूल निर्माण को लेकर आ रही दिक्कतों के बारे में जानकारी हासिल की। अधिकारियों का तर्क था कि पूल के आसपास शामलात जमीन है, अभी तक किसानों के साथ सहमति करने की बातचीत चल रही है। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानो से शीघ्र वार्तालाप करे और पूल निर्माण का कार्य तेजी से शुरू करें। उन्होंने कहा कि अगर किसानो से सहमति नहीं होती तो कानूनी प्रक्रिया के हिसाब से नए पूल निर्माण की तैयारी करें। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि इस पूल निर्माण के लिए पीछे भी मुख्यमंत्री कोष से 15 करोड़ रुपए मंजूर करवा दिए थे, लेकिन किसानो की सहमति नहीं होने के कारण पूल निर्माण कार्य में देरी आ रही है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि पूल निर्माण के लिए शीघ्र कोई भी रास्ता निकाले और पूल निर्माण कार्य शुरू शीघ्र करें।

*बच्चों को बांटे गर्म कपड़े*

# जूते, जुराबें और टोपियां वितरित जरूरतमंदों की मदद का संकल्प



**करनाल।** लायंस क्लब करनाल सेंट्रल की ओर से सेक्टर-16 के समीप झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले बच्चों को जूते, जुराबें और टोपियां वितरित की गईं। यह कार्यक्रम क्लब के सेवा प्रकल्प के अंतर्गत आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर दिनेश बत्तरा ने शिरकत की। क्लब के कोषाध्यक्ष सुभाष बंसल व अन्य पदाधिकारियों की ओर से उनका फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। दिनेश बत्तरा ने कहा कि देश ही नहीं, बल्कि दुनिया के कई देशों में समाजसेवा के कार्य कर रहा है। जरूरतमंदों की सहायता करना हम सभी का नैतिक दायित्व है और इस दिशा में संस्थाओं के साथ-साथ समर्थ व्यक्तियों को भी आगे आना चाहिए। क्लब के कोषाध्यक्ष सुभाष बंसल ने बताया कि लायंस क्लब करनाल सेंट्रल समय-समय पर सामाजिक कार्य करता आ रहा है। हाल ही में सदर बाजार स्थित मंदिर में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन भी किया गया था। भविष्य में भी जरूरतमंदों की सहायता के लिए ऐसे कार्यक्रम जारी रहेंगे। इस अवसर पर क्लब के प्रधान मोहन लोधी, सुभाष, अजय गोयल, मंजीत सिंह और विशाल भुटानी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## कलयुग में हरि नाम ही मोक्ष का मार्ग : आचार्य रजनीश



**तरावड़ी।** गोयल इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड तरावड़ी की ओर से गुजरात स्थित द्वारकाधीश मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन विश्व प्रसिद्ध कथा व्यास आचार्य रजनीश ने गोवर्धन पूजा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गोवर्धन पर्वत को गिरिराज जी के रूप में पूजा जाता है, जो भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप से गहराई से जुड़ा है।

पौराणिक प्रसंगों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि गोवर्धन पर्वत त्रेतायुग से भगवान का भक्त रहा है और हनुमान जी उसे श्रीराम के दर्शन के लिए मथुरा ले जा रहे थे। श्रीराम ने उसे वरदान दिया कि वह उनके अगले अवतार श्रीकृष्ण के साथ जुड़ा रहेगा। कथा व्यास ने पूतना वध, माता यशोदा के साथ बालकृष्ण की शरारतें, माखन चोरी, गो-प्रेम, कालिया नाग मर्दन तथा कंस के आमंत्रण पर श्रीकृष्ण का अपने बड़े भाई बलराम के साथ मथुरा प्रस्थान जैसे प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। इन कथाओं के माध्यम से उन्होंने भक्ति, करुणा और धर्म के संदेश को सरल भाषा में श्रोताओं तक पहुंचाया। आचार्य रजनीश ने कलयुग की महिमा का उल्लेख करते हुए कहा कि इस युग में जीव के कल्याण के लिए केवल हरि नाम का स्मरण ही पर्याप्त है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सतयुग, त्रेता और द्वापर युग की तुलना में कलयुग में कठिन तपस्या या बड़े यज्ञों की आवश्यकता नहीं है, बल्कि सच्चे मन से भगवान का स्मरण ही मोक्ष का साधन है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य को विचार, वैराग्य और ज्ञान का मार्ग दिखाती है तथा जीवन को सकारात्मक दिशा प्रदान करती है।

56 भोग के प्रसंग को समझाते हुए कथा व्यास ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण और गोकुलवासियों के बीच का यह भाव हमारी संस्कृति में भोजन को श्रद्धा का सबसे सरल और सुंदर रूप मानने की परंपरा को दर्शाता है।

# गलत नीतियों व आपदाओं से किसान हो रहे बर्बाद

**करनाल।** भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम ने कहा कि वर्ष 2025 किसानों के लिए अच्छा नहीं रहा। केंद्र और प्रदेश सरकार की गलत नीतियों तथा प्राकृतिक आपदाओं के चलते किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। यूनियन के प्रवक्ता बहादुर मैहला बलड़ी ने कहा कि गेहूं को छोड़कर किसी भी फसल की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर नहीं की गई।

उन्होंने आरोप लगाया कि करनाल मंडी में सबसे बड़ा धान घोटाला सामने आया, जिसमें हजारों करोड़ रुपये का गबन हुआ। इस घोटाले में अधिकारियों, व्यापारियों, राइस मिलरों और आढ़तियों की भूमिका रही। बहादुर मैहला ने कहा कि फसलों का उत्पादन घटा, लागत बढ़ी, लेकिन किसानों को लागत मूल्य तक नहीं मिला। प्राकृतिक आपदाओं से बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा भी सरकार की ओर से नहीं दिया गया, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति और कमजोर हो गई। आरोप लगाया कि केंद्रीय गृह मंत्री ने हरियाणा में आकर यह बयान दिया कि राज्य में 24 फसलों की खरीद एमएसपी पर हो रही है, जो सरासर गलत है।

## इंद्री से निकले श्याम प्रेमी, 10 जनवरी को पहुंचेंगे खाटू श्याम

# श्याम बाबा के दर्शन के लिए पैदल यात्रा शुरू

- वश्री श्याम सलोना कीर्तन मंडल ने किया श्याम प्रेमियों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



नए साल के शुभ अवसर पर श्याम बाबा के दर्शनों के लिए करनाल के श्याम प्रेमी राजस्थान के खाटू धाम की ओर पैदल यात्रा पर रवाना हुए। बुधवार सुबह यात्रा की शुरुआत इंद्री से हुई। दोपहर के समय सेक्टर-8 स्थित अग्रसेन भवन में श्री श्याम सलोना कीर्तन मंडल की ओर से श्याम प्रेमियों का भव्य स्वागत किया गया। श्याम प्रेमी शोभित गुप्ता, मिलेश पाठक, नितेश लाडला, संतोष वर्मा और आशीष बाला हाथों में श्याम बाबा का निशान लेकर यात्रा कर रहे हैं। एक वाहन में श्याम बाबा को विराजमान किया गया है, जहां उनका भव्य श्रृंगार किया गया।

इस अवसर पर श्याम प्रेमी पंकिल गोयल, मोहन लोधी और सचिन गुप्ता ने बताया कि यह सभी श्रद्धालु दूसरी बार खाटू धाम की पैदल यात्रा पर निकले हैं और 10 जनवरी को सीकर स्थित खाटू धाम पहुंचकर श्याम बाबा के दर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि श्याम बाबा की कृपा से ही इतनी लंबी पैदल यात्रा करने की शक्ति मिलती है और यह यात्रा विशेष रूप से युवाओं के लिए आध्यात्मिक संदेश है कि नए साल की शुरुआत धार्मिक और सकारात्मक कार्यों से करनी चाहिए।

पंकिल गोयल ने बताया कि श्री श्याम सलोना कीर्तन मंडल की ओर से श्री श्याम फाल्गुण मेला 18 फरवरी से एक मार्च तक मनाया जाएगा। इस दौरान प्रतिदिन पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में संकीर्तन होगा और भंडारे का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस मौके पर पंकिल गोयल, मोहन लोधी, सचिन गुप्ता, सुशांक चंदोक, सोमपाल और राजीव जैन सहित अनेक श्याम प्रेमी उपस्थित रहे।

### नववर्ष पर मानवता के प्रति समर्पण का आह्वान

**करनाल।** मानव सेवा संघ के संचालक स्वामी प्रेममूर्ति ने नववर्ष के अवसर पर शहरवासियों को शुभकामनाएं देते हुए मानवता की सेवा को जीवन का सर्वोच्च धर्म बताया। उन्होंने कहा कि नर सेवा से ही ईश्वर की सच्ची आराधना संभव है और जरूरतमंद की सहायता करने से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। स्वामी प्रेममूर्ति ने जानकारी दी कि मानव सेवा संघ के प्रांगण में प्रतिदिन चाय प्रसाद की सेवा निरंतर जारी है। भीषण गर्मी और अन्य परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए शहर के विभिन्न हिस्सों में जल सेवा के लिए रोहड़ियां एवं कैंपर लगाए गए हैं, ताकि राहगीरों और जरूरतमंदों को राहत मिल सके। अर्पणा ट्रस्ट अस्पताल, मधुबन के सहयोग से प्रत्येक माह की 23 तारीख को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया जाता है।

## न्यूज डायरी

### पुलिस के तीन कर्मचारियों को सम्मानपूर्वक विदाई



**करनाल।** पुलिस विभाग में उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवाएं देने के उपरांत जिला पुलिस करनाल के तीन पुलिस कर्मचारी 31 दिसंबर 2025 को सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल, पुलिस अधीक्षक कार्यालय करनाल में एक गरिमामय विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में उप पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी, सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजन उपस्थित रहे। उप पुलिस अधीक्षक ने स्मृति-चिह्न प्रदान कर तीनों कर्मचारियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी और उनके दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सेवानिवृत्त कर्मचारियों में निरीक्षक बनारसी दास, निरीक्षक मोहिंद्र सिंह और उप निरीक्षक पिरथी सिंह शामिल रहे। इन्होंने 34 से 36 वर्ष से अधिक समय तक पुलिस विभाग में सेवाएं देते हुए कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और जन सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सेवा काल के दौरान इन्हें अनेक रिवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया।

### ई कंटेंट सृजन एवं विकास कार्यशाला का आयोजन

**थानेसर।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा परियोजना परिषद, पंचकूला एवं जिला शिक्षा कार्यालय, कुरुक्षेत्र के संयुक्त प्रयासों से जिला कुरुक्षेत्र में 10 दिवसीय ई- कंटेंट सृजन एवं विकास कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया, जिसमें पूरे राज्य भर से लगभग 180 प्रतिभागियों ने भाग लिया। 10 दिन की इस कार्यशाला का आयोजन राज्य परियोजना समन्वयक, पंचकुला के आदेश अनुसार तथा डॉ सुधीर कुमार, सहयोगी सलाहकार एवं जिला शिक्षा अधिकारी कुरुक्षेत्र विनोद कौशिक के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस कार्यशाला में विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों ने कंप्यूटर एवं इंटरनेट की मदद से विभिन्न प्रकार के इ कंटेंट को न सिर्फ बनाने में महारत हासिल की बल्कि उसे अपने शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में प्रयोग करके अपने शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को बेहतर बनाने की किवायत को सीखा। कार्यक्रम के मार्गदर्शक कुरुक्षेत्र के जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने इस कार्यशाला के सभी प्रतिभागियों को उनके योगदान के लिए तथा सभी संसाधन व्यक्तियों को इस कार्यशाला के उसके उद्देश्यों को बेहतर रूप से प्राप्त करने के लिए सराहा। कार्यशाला का आयोजन में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कुरुक्षेत्र से जसविंदर सिंह वरिष्ठ प्राध्यापक, तथा प्राध्यापक डॉ रघुवीर तगेजा, धर्मेंद्र कश्यप एवं कुलदीप सिंह का अहम योगदान रहा। विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों के की इस कार्यशाला को यादगार बनाने में प्राचार्य अनिल गर्ग तथा प्यारे लाल और संस्थान व्यक्ति के तौर पर कुलदीप बिरवाल, राजेंद्र शर्मा, राकेश कुमार, सुशील कुमार, संजय कामरा तथा अरुण कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### ठंड में धरने पर डटे पीजीआई के अनुबंध कर्मचारी

**कुरुक्षेत्र।** रोहतक पीजीआई के अनुबंध कर्मचारी थीम पार्क में कड़ाके की ठंड के बावजूद धरने पर डटे हैं। हरियाणा कौशल रोजगार निगम से जोड़े जाने की मांग को लेकर कर्मचारी आंदोलन कर रहे हैं। अनुबंध कर्मचारी हेल्थकेयर रोहतक एसोसिएशन के बैनर तले 1271 कर्मचारी जून महीने से हड़ताल पर हैं। ठेकेदारी प्रथा से मुक्ति दिलाकर एचकेआरएन से जोड़ने की मांग को पुरजोर तरीके से उठाया जा रहा है। एसोसिएशन के प्रधान अभिषेक और महासचिव महेश ने कहा कि एक जनवरी को अर्धनग्न होकर बेड़िया डालकर कर्मचारियों ने प्रदर्शन का एलान किया था। अब यह प्रदर्शन दो जनवरी को किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने कर्मचारियों के साथ भेदभाव की नीति अपनाई है। कई विभागों के सैकड़ों कर्मचारियों को हरियाणा कौशल रोजगार निगम से जोड़ा गया है, लेकिन रोहतक पीजीआई के अनुबंध कर्मचारियों की अनदेखी की जा रही है। सरकार का सबका साथ सबका विकास का नारा फेल हो रहा है। अभिषेक और महेश ने कहा कि कर्मचारियों और उनके परिवारों के हालात खराब होते जा रहे हैं, फिर भी सरकार के कानों पर जूं नहीं रेंग रही। इस अवसर पर संजय, ईश्वंती, मनीष, देविंद्र, सचिन, बलराज, राजिंद्र, अशोक व जोगिंद्र आदि मौजूद रहे।

### श्रीकृष्ण संग्रहालय का होगा सौंदर्यीकरण



**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण संग्रहालय परिसर का निरीक्षण करते केडीबी के सीईओ पंकज सेतिया।

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र के प्रमुख पर्यटन एवं सांस्कृतिक केंद्र श्रीकृष्ण संग्रहालय को शीघ्र ही आधुनिक सुविधाओं से युक्त एक नए, भव्य एवं आकर्षक स्वरूप में विकसित किया जाएगा। संग्रहालय के तीनों भवन खंडों की वीथिकाओं में अत्याधुनिक प्रकाश व्यवस्था स्थापित की जाएगी, जिससे प्रदर्शित कलाकृतियों, मूर्तियों एवं धरोहरों की दृश्य गुणवत्ता और अधिक प्रभावशाली हो सके। संग्रहालय परिसर के समग्र सौंदर्यीकरण के लिए एक विस्तृत कार्य योजना तैयार की जा रही है। इसके अंतर्गत बाहरी परिसर का विकास, दर्शक सुविधाओं का विस्तार तथा आगंतुकों की सुगम आवाजाही को ध्यान में रखते हुए केडीबी पार्किंग के सामने से संग्रहालय में प्रवेश हेतु एक नए द्वार का निर्माण भी प्रस्तावित है। इन विकास कार्यों के संदर्भ में कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पंकज सेतिया ने श्रीकृष्ण संग्रहालय परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सेतिया ने संग्रहालय की गैलरियों में प्रदर्शनी व्यवस्था, बाहरी परिसर तथा प्रस्तावित विकास परियोजनाओं का गहन अवलोकन किया। आधुनिक प्रकाश व्यवस्था की योजना को लेकर बोर्ड के एसडीओ भूपिंद्र सिंह वालिया से विद्युत व्यवस्था एवं प्रकाश संयोजन के तकनीकी पहलुओं पर भी चर्चा की गई।

### कुरुक्षेत्र को कई परियोजनाओं की मिलेगी सौगात

**कुरुक्षेत्र।** नया साल 2026 उम्मीदों से भरा रहेगा। ये साल सबके लिए तरक्की व खुशहाली लेकर आया है। आपके उम्मीदों में पंख लगेंगे। हर क्षेत्र में विकास होगा। रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। कुरुक्षेत्र को रेलवे एलिवेटेड ट्रैक की सौगात मिलेगी। कुरुक्षेत्र में एलिवेटेड रेलवे ट्रैक का निर्माण हो रहा है, जो शहर के बीच से गुजरने वाली कुरुक्षेत्र-नरवाना लाइन पर है, ताकि 5 मानव-नियंत्रित रेलवे क्रॉसिंग पर लगने वाले लंबे जाम से मुक्ति मिल सके। यह परियोजना लगभग पूरी हो चुकी है और इससे थानेसर शहर के दो हिस्सों को जोड़ने तथा यातायात को सुगम बनाने में मदद मिलेगी। इसका उद्देश्य शहर के बीच से गुजरने वाली रेलवे लाइन के कारण लगने वाले जाम को खत्म करना और यातायात को सुगम बनाना है। यह परियोजना अब अपने अंतिम चरण में है, जिसमें पुल, ट्रैक, सिग्नलिंग और इलेक्ट्रिफिकेशन का काम पूरा हो चुका है, और प्लेटफॉर्म भी लगभग तैयार है। अनुमानित लागत लगभग 245.99 करोड़ रुपये है, जिसे हरियाणा सरकार और रेल मंत्रालय साझा कर रहे हैं। हरियाणा में एलिवेटेड ट्रैक पर पहला रेलवे प्लेटफार्म बनने जा रहा है। ये प्लेटफार्म जमीन से 25 फुट ऊपर बनेगा। प्लेटफार्म जल्द बनकर तैयार होने की उम्मीद है। ये प्लेटफार्म करीब 450 मीटर लंबा होगा। इसको बनाने के लिए काम चल रहा है। 5.84 किलोमीटर लंबे ट्रैक पर ट्रेन चलाने का ट्रायल भी पूरा हो चुका है। इस प्लेटफार्म के नीचे थानेसर का रेलवे स्टेशन भी बनाया जाएगा। ये स्टेशन पूरा हाईटेक होगा। स्टेशन से प्लेटफार्म तक जाने के एक्सीलेटर या लिफ्ट लगाने की योजना है। हालांकि पहले यहां पर अंग्रेजों के जमाने का रेलवे स्टेशन था, जिसे ट्रैक बनाने के दौरान तोड़ दिया था। बतां दे कि केंद्र और प्रदेश सरकार के प्रोजेक्ट का शिलान्यास 22 अगस्त 2019 को तत्कालीन सीएम मनोहर लाल ने किया था। प्रदेश सरकार ने ट्रैक के लिए 136.45 करोड़ और केंद्रीय रेलवे विभाग की ओर से 109.54 करोड़ रुपए का बजट तय किया गया था। हालांकि प्लेटफार्म और स्टेशन बनाने के लिए उसमें 125 करोड़ रुपए का इजाफा किया गया है।

### ठंड ने आमजन का जीना किया बेहाल

**कुरुक्षेत्र।** बर्फीली हवाओं के चलते हाड़ कंपकंपा देने वाली ठंड ने आमजन का जीना बेहाल किया हुआ है। शीतलहर व घने कोहरे से हाड़ कंपकंपा देने वाली ठंड के चलते आम जनजीवन ठहर सी गयी है। तापमान में गिरावट लगातार जारी है। ठंड के चलते लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकलने में कतरा रहे है। आम जनजीवन के साथ-साथ सड़कों पर दौड़ने वाली गाड़ियों की रफ्तार भी धीमी पड़ गयी है। ठंड के चलते रिक्शा चालक, ठेला चालक समेत मजदूरी को शहर पहुंचे लोग जगह-जगह अलाव जलाकर राहत ले रहे हैं। बर्फीली हवाओं के कारण दिन भर हाथ-पैर सुन रहने लगे है। बुधवार को अधिकतम तापमान 17 डिग्री व न्यूनतम 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया।

## खबर संक्षेप

### जजपा की बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर

**पानीपत।** जन नायक जनता पार्टी की बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव देवेंद्र कादियान, जिलाध्यक्ष रामनिवास पटवारी, कृष्ण चंदौली, कप्तान नौल्था, सुरेश आटा, अतुल हांडा, महावीर कश्यप, महेंद्र चावला, पप्पू त्यागी, संदीप इंदौरा, वीरेंद्र देशवाल, कृष्ण खिलाड़ी, मन्नू मान, नितिन अहलावत, दलविंद्र, अश्विनी कश्यप ने भाग लिया। बैठक में भाजपा सरकार की नीतियों की आलोचना की गई।

### कमेरा वर्ग विरोधी है भाजपाः कामरेड राजवीर

समालखा। समालखा में क्रांतिकारी ट्रेड यूनियन एआईयूटीयूसी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कामरेड राजवीर सिंह ने की। वहीं, राज्य उपाध्यक्ष ईश्वर सिंह राठी ने कहा कि सरकार ने चार लेबर कोड लागू कर श्रम कानूनों को कमजोर किया है, जिससे मजदूरों के अधिकारों पर सीधा प्रहार हुआ है। वहीं, आंदोलन करने के बावजूद सरकार की नीतियां श्रमिक विरोधी है। बैठक में राज्य सचिव हरि प्रकाश, शेर सिंह, राममेहर, सुरेश, हवा सिंह, संजीव, बलबीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

### तांत्रिक पर केस दर्ज जांच में जुटी पुलिस

पानीपत। थाना चांदनी बाग पुलिस ने सोनीपत के गन्नौर में तांत्रिक क्रिया करने वाले व्यक्ति के खिलाफ उसकी पत्नी की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विवाहिता का आरोप है कि तांत्रिक पति ने नशे की हालत में उसका अप्राकृतिक यौन शोषण किया। वहीं तांत्रिक के साथ मिल कर परिजन उसे दहेज के लिए प्रताडित करते है।

### नौल्था में विकास कार्य जारी : बलराज

पानीपत। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल द्वारा गोद लिए गए नौल्था गांव में शहर की तर्ज पर विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। गांव में ई-लाइब्रेरी, श्मशान घाट और चौपालों का जीर्णोद्धार किया गया है। वहीं, गांव के सरपंच बलराज जागलान ने पंचायत एवं विकास मंत्री कृष्ण लाल पंवार के सहयोग से गांव का कायाकल्प कराया जा रहा है।

### इसराना में सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप

**पानीपत।** पानीपत के पानीपत जिले के उपमंडल इसराना में सफाई व्यवस्था ठप हो चुकी है। वहीं, इसराना को उपमंडल बने दो साल पूरे होने को हैं, लेकिन ग्राम पंचायत के बार-बार प्रयासों के बावजूद हालात में कोई सुधार नहीं हुआ है। नालों के जाम रहने और दुकानदारों द्वारा सड़क किनारे कूड़ा फैंकने से जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। गंदगी से इसराना निवासी परेशान है।

### पुलिस ने शराब तस्करी करते एक पकड़ा

पानीपत। थाना तहसील कैंप पुलिस ने रवि कुमार पुत्र जगदीश चंद निवासी हरि सिंह कॉलोनी को शराब की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस ने रवि से बरामद अवैध शराब को केस की जांच के लिए इंपाउंड कर लिया और उस पर थाना तहसील कैंप में एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

### सेवा का संकल्प ले अपने सूबों को रवाना हुए स्वयंसेवी

# राष्ट्रीय एकता शिविर में महाराष्ट्र और जम्मू-कश्मीर प्रथम, कैंप संपन्न

गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल पानीपत में आयोजित किया गया एनएसएस का शिविर



पानीपत। राष्ट्रीय एकता शिविर में अतिथियों के साथ स्वयं सेवी विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल पानीपत में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर के समापन समारोह में पहुंचे राज्य संयोजक दिनेश कुमार ने राष्ट्रीय एकता शिविर और मुख्यमंत्री नायब सैनी और शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा की प्रशंसा करते हुए बताया कि हरियाणा एकमात्र ऐसा राज्य है जो विद्यालय स्तर के राष्ट्रीय एकता शिविरों का आयोजन कर रहा है। वहीं, एनएसएस स्वयं सेवकों को देश का सच्चा प्रहरी बताते हुए उन्होंने आह्वान किया कि वे सुधार की शुरुआत स्वयं के कार्यों से करें। उन्होंने बच्चों को सफलता के पंचमंत्र भी दिए। वहीं, दिनेश ने कार्यक्रम अधिकारियों को व जिला संयोजक सुनील मलिक ने स्वयं सेवकों को सम्मानित किया। इधर, कैंप में सर्वश्रेष्ठ स्वयं सेवक महाराष्ट्र और स्वयं सेविका जम्मू कश्मीर से रहीं। वहीं, कैंप में हरियाणा की शुद्ध शाकाहारी भोजन की बहुत सराहना की। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी मन्नू देशवाल, सुनीता, सीमा, दीप्ति, ऋचा, एलिस, सोनिया, मोनिका, पुष्पा, प्रदन्या, दिनेश, असीम, रईस बानी, प्रदीप मलिक, रणदीप, पवन, रविन्द्र, विपिन, अनिल, राकेश, प्रवीण, संदीप आदि उपस्थित रहें।

### तनाव मुक्ति के टिप्स दिए

पानीपत। आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल में शिक्षकों के लिए तनाव प्रबंधन विषय पर शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। जिसमें डॉ.अभिलाषा ने शिक्षकों को ध्यान, श्वसन तकनीकों एवं सकारात्मक सोच के माध्यम से तनाव कम करने के व्यावहारिक तरीके बताए। उन्होंने बताया कि तनाव प्रबंधन से न केवल मानसिक शांति मिलती है बल्कि कार्यक्षमता और आत्मविश्वास भी बढ़ता है।



पानीपत। आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ जगदीश गुप्ता के साथ विजेता खिलाडी।

### आर्य कॉलेज ने इंटर हॉकी में सिल्वर मेडल जीता

- चार खिलाड़ियों का कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी की टीम में चयन

पानीपत। आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित इंटर जोनल हॉकी टूर्नामेंट में सिल्वर मेडल अपने नाम किया है। वहीं, प्राचार्य प्रो. डॉ. जगदीश गुप्ता ने इस जीत का श्रेय शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.राजेश टूर्ण आदि को देते हुए विजेता टीम का जोरदार स्वागत किया और खिलाडियों को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। जबकि, कॉलेज की प्रबंधन समिति के प्रधान सुरेन्द्र शिंगला व कोषाध्यक्ष पीयूष आर्य ने आर्य कॉलेज के विद्यार्थी, शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद के क्षेत्र में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। इधर, शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.राजेश टूर्ण ने बताया कि आर्य कॉलेज की खिलाडी आरती सेन, जानवी, हिमांशी, आरती का चयन कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी की टीम में हुआ है। इस अवसर पर कोच राजेंद्र देशवाल, अनूप गुलिया, सुनील पहल, राजा तोमर, रजनी आदि उपस्थित रहे।

---

# नए संकल्प के साथ करें नए साल की शुरुआतः विधायक

- विधायक ने दी प्रदेश व देश वासियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं



विधायक मनमोहन भडाना।

हरिभूमि न्यूज ▶▶। समालखा

समालखा के विधायक मनमोहन भडाना ने प्रदेश तथा देश वासियों को नववर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।अपने बधाई सन्देश में भडाना ने कहा कि नव वर्ष सभी के लिए खुशियों भरा आए और हम इस नववर्ष में अपने सपनों को साकार कर सके ऐसी ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ।भडाना ने कहा कि सभी हर नए वर्ष के आरम्भ में अपने लिए एक योजना बनाकर एक नया लक्ष्य स्थापित करते हैं और उस पर अपना ध्यान केन्द्रित कर उसे हासिल करने का प्रयास करते हैं।उन्होने कहा कि प्रदेश तथा राष्ट्र हित में सभी को इसी तरह आगे बढ़ना चाहिए ताकि हम आने वाली पीढ़ी तथा अपने प्रदेश व देश को मजबूती प्रदान कर सके।मनमोहन भडाना ने कहा नववर्ष हमें नया कार्य करने की प्रेरणा देता है यह हमें नए उत्साह और हर्षोल्लास से जीवन व्यतीत करने की ऊर्जा प्रदान करता है।नव वर्ष में हम पिछले वर्ष की गई गलतियों से सीखते हैं और फिर नया संकल्प लेकर पूरी ऊर्जा से उस कार्य को पूरा करने में जुट जाते हैं जिससे हमें सफलता प्राप्त होती है।यह त्यौहार की तरह ही है जो हमारे अंदर नई ऊर्जा का संचार करता है जिसके कारण हमारे जीवन में नववर्ष का और अधिक महत्व बढ़ जाता है।भडाना ने कहा कि हमें प्रतिवर्ष नए साल का स्वागत नई ऊर्जा और उत्साह से करना चाहिए जिससे हमारा जीवन और भी अच्छा हो जाए।

### कैंटीन की बोली सात को

पानीपत। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि जिला पानीपत में स्थित जिला सचिवालय के भू-तल पर स्थित कैंटीन ठेके पर दी जानी है। जिसके लिए खुली बोली सात जनवरी को जिला सचिवालय स्थित द्वितीय तल सभागार में अतिरिक्त उपायुक्त, नगराधीश, तहसीलदार और लेखाधिकारी जिला परिषद कार्यालय की देखरेख में की जाएगी। जबकि बोली को स्वीकार या अस्वीकार करने का अंतिम अधिकार उपायुक्त को होगा।

---

# राजकीय स्कूल पर बढा अभिभावकों का विश्वास : महिपाल ढांडा

- शिक्षा मंत्री ने स्कूल के नव भवन का शुभारंभ कर अपग्रेड किया




पानीपत। राजकीय स्कूल, नूरवाला में मंचासीन शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, आदि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि विद्यार्थियों को जीवन में बड़े लक्ष्य निर्धारित कर मजबूत संकल्प और अनुशासन के साथ आगे बढना चाहिए।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि सरकारी स्कूलों में पढने वाला हर बच्चा आत्मविश्वास से भरा हो और किसी से पीछे न रहे। बुनियाद, सुपर-100 और नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण बनाया गया है। ढांडा, बुधवार को राजकीय आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय, नूरवाला में करीब दो करोड करोड़ रुपये की लागत से बने नवनिर्मित भवन के उद्घाटन समारोह में विद्यार्थियों और शिक्षकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने स्कूल को अपग्रेड करने की भी घोषणा की। वहीं मंत्री ढांडा ने कहा कि आज सरकारी स्कूलों में आधुनिक सुविधाएं, बेहतर इंफ्रास्टक्चर और योग्य शिक्षक उपलब्ध हैं। आने वाले समय में इनके परिणाम ऐतिहासिक होंगे। उन्होंने दावा किया कि हरियाणा में 60 प्रतिशत सरकारी स्कूलों का नवनिर्माण या कायाकल्प किया जा चुका है। स्कूलों में पीने के स्वच्छ पानी, शौचालय, स्मार्ट क्लासरूम और अन्य मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। नगर निगम की मेयर कोमल सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों के भविष्य के निर्माण के लिए कल्याणकारी योजना चला रही है।

### समागम में शहीदों को नमन किया

पानीपत। पानीपत के गांव में स्थित गुरुद्वारा संत भवन इसराना साहिब में बुधवार को साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह, बाबा फतेह सिंह और माता गुजरी कौर की शहादत को समर्पित सालाना समागम हुआ। वहीं, संत बाबा राजेंद्र सिंह खालसा ने साहिबजादों और माता गुजरी कौर के बलिदान की गाथा सुनाई। जबकि समागम में कथावाचक ज्ञानी प्रीतपाल सिंह पटियाला, तनवीर सिंह रबी कीर्तनी जत्था, भाई हरप्रीत सिंह, भाई चानन सिंह जीबीए, सुरविंड कीर्तन जत्था के अलावा बाबा फतेह सिंह एकेडमी के छात्रों ने कीर्तन में गुरबाणी का पाठ किया। कार्यक्रम में दलविंदर सिंह, स. गुरदयाल सिंह, स. गुरप्रीत सिंह, स. सुखप्रीत सिंह, स. अमनप्रीत सिंह, धर्मपाल जागलान समेत बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सर्दी से बचाव के लिए समाज सेवा संगठन ने निर्धनों को गर्म वस्त्र बांटे

- काबड़ी रोड पर आस पास में रहने वाले बच्चों व महिलाओं को गर्म कपड़े वितरण किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत



पानीपत। समाज सेवा संगठन के अध्यक्ष प्रवीण जैन निर्धनों को गर्म वस्त्र बांटते हुए।

समाज सेवा संगठन की ओर से मंगलवार को काबड़ी रोड में आस पास में रहने वाले बच्चों व महिलाओं को गर्म कपड़े वितरण किए गए। संगठन के अध्यक्ष प्रवीण जैन ने कहा समाज सेवा संगठन ने निर्धनों को गर्म वस्त्र बांटने का कार्य हर वर्ष की भांती सर्दी के मौसम में जारी है। इसी कड़ी में काबड़ी रोड पर देव कॉलोनी में रहने जरूरतमंद बच्चों को गर्म सूट व महिलाओं को शाल वितरण किए गए। उन्होंने बताया कि एक जनवरी को उग्रा खेड़ी मोड नरेन्द्र नगर गली नंबर तीन में गर्म कपड़े वितरण अभियान चलेगा। प्रवीण जैन ने कहा कि हर सामर्थ नागरिक को निर्धनों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। वहीं, यह जरूरतमंदों को गर्म वस्त्र बांटने का अभियान मकर संक्रांति तक चलेगा। इस अवसर पर गुलशन कटारिया, कशिश कटारिया, भोला मेहता, दीपक गोस्वामी आदि उपस्थित रहे।

---

# सीएम ने यमुना में चल रहे विकास कार्यों की ली जानकारी



पानीपत। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया व अन्य अधिकारी बैठक करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को बाढ़ नियंत्रण, सिंचाई व्यवस्था, यमुना नदी की मजबूती और आगामी योजनाओं को लेकर उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया व संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की। वहीं, सीएम सैनी ने निर्देश दिए कि सभी परियोजनाएं समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्ता के उच्च मानकों के अनुरूप पूरी की जाएं, ताकि आम नागरिकों को इसका सीधा लाभ मिल सके। दूसरी ओर, डीसी डॉ दहिया ने बताया कि यमुना नदी को मजबूत करने और बाढ़ से बचाव के लिए करीब तेरह करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न कार्य प्रगति पर हैं, जिनमें तटबंधों की मजबूती, मरम्मत और सुरक्षात्मक संरचनाओं का निर्माण शामिल है। वहीं, अगले वर्ष जून तक अधिकांश परियोजनाएं पूरी कर ली जाएं।

# जिला पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को दिलवाई नशा न करने की शपथ

- नशा मुक्त टीम ने विभिन्न स्कूलों में किया जागरूक




पानीपत। राजकीय स्कूल में नशे के विरूद्ध शपथ लेते हुए शिक्षक व विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

पानीपत जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस की नशा मुक्त टीम ने विभिन्न गांवों के राजकीय स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर नशे के खिलाफ प्रेरित किया। वहीं पुलिस टीम द्वारा इस दौरान नशे के दुष्प्रभावों और इससे होने वाले शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और सामाजिक नुकसान के बारे विस्तार से जानकारी देकर विद्यार्थियों को नशा नहीं करने, नशे के विरूद्ध नागरिकों को जागरूक करने की शपथ दिलवाई। इधर, कार्यक्रम में पुलिस टीम ने अपील कि है कि आसपास में नशा बिक रहा है या कोई नशे का आदी है तो उसकी सूचना जिला पुलिस को या नेशनल नारकोटिक्स मानस हेल्प लाइन 1933 पर दें।

### सीआरएस के छात्र सम्मानित

**पानीपत।** पानीपत के बाल भवन में आयोजित समारोह में सर छोटू राम हेरिटेज स्कूल के 47 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। जिन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में जिला स्तर पर शानदार प्रदर्शन किया। विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। इधर, प्राचार्या सुनीता मान ने विजता विद्यार्थियों को बधाई व उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया है।

# पानीपत की मडलौडा ग्राम पंचायत बनेगी नगर पालिका

- प्रदेश सरकार ने नोटिफिकेशन जारी किया, मंत्री पंवार ने सीएम का आभार जताया



**पानीपत।** पंचायत विकास मंत्री कृष्ण लाल पंवार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार को नववर्ष एवं उनके जन्मदिन पर तोहफा देते हुए पानीपत के गांव मडलौडा को नगर पालिका बनाने की घोषणा की है। इस संबंध में शहरी स्थानीय निकाय विभाग हरियाणा द्वारा अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। स्मरणीय है कि मडलौडा विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार का पैतृक गांव भी है। मडलौडा ग्राम पंचायत को नगर पालिका बनाए जाने पर क्षेत्रवासियों तथा विकास एवं पंचायत तथा खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार जताया है। इस संबंध में शहरी स्थानीय निकाय विभाग हरियाणा द्वारा अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। इधर, पंवार ने कहा कि मडलौडा को नगर पालिका का दर्जा मिलने से क्षेत्र में सुनियोजित शहरी विकास को बढ़ावा मिलेगा तथा बुनियादी ढ़ांचे को मजबूती मिलेगी।

---

# विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति किया जागरूक




पानीपत। बाल विवाह व श्रम के विरूद्ध शपथ लेते हुए शिक्षक व विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के बैनर तले राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव जाटल और पानीपत के कृष्णपुरा में विद्यार्थियों को पर्यावरण और बाल अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। वहीं, बाल कल्याण समिति की सदस्या मीना शर्मा ने विद्यार्थियों को पॉक्सो, बाल विवाह और बाल श्रम के बारे में बताया और कहा कि कोई भी पीडित बच्चा, बाल कल्याण समिति और चाइल्डलाइन नंबर 1098 की मदद ले सकता है। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य है और उन्हें सुरक्षित माहौल प्रदान करना हम सबकी जिम्मेदारी है। इधर, स्वास्थ्य विभाग से राष्ट्रीय किशोर किशोरी स्वास्थ्य कार्यक्रम जिला काउंसलर अतुल ने स्वस्थ्य रहने की जानकारी दी। प्राचार्य प्रदीप राणा ने पर्यावरण के प्रति, जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन सहयोगी संस्था एमडीडी ऑफ इंडिया से जिला समन्वयक संजय कुमार, निदेशक सुरेंद्र मान ने बाल शोषण के विरूद्ध बने कानून की जानकारी देकर जागरूक किया।

### संत राजेंद्र ने सत्संग में दिए प्रवचन

**पानीपत।** संत राजेंद्र सिंह ने सत्संग करते हुए कहा कि नए साल पर हर नागरिक को आत्मनिरीक्षण करना चाहिए और सद्भावना को अपनाते हुए सभी के साथ अच्छा आचरण करते हुए जीवन यापन करना चाहिए।

### एसआइआर में इसराना छठे नंबर पर

पानीपत। पानीपत जिले की इसराना विधानसभा क्षेत्र में भारतीय चुनाव आयोग के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया में पूरे हरियाणा में छठे स्थान पर पहुंच गया है। यह जानकारी एसडीएम नवदीप सिंह नैन ने दी। इस प्रक्रिया का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक पारदर्शी, सटीक और त्रुटि रहित बनाना है। वहीं, नैन ने बताया कि इसराना विधानसभा में कुल 199 मतदान केंद्र हैं। इन सभी बूथों पर विशेष गहन पुनरीक्षण का अधिकांश कार्य पूरा कर लिया है।

### पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए पांच हजार पौधे रोप चुके हैं वर्मा

# जनता को साइकिल चलाने और प्लास्टिक का प्रयोग बंद करने के लिए प्रेरित कर रहे पर्यावरण प्रेमी दीपक

- साइकिलिंग को अपनी दिनचर्या का अहम हिस्सा बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

आज के दौर में जब अधिकतर लोग सुविधा और स्वार्थ की दौड़ में आगे बढ़ रहे हैं, वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं जो निस्वार्थ भाव से समाज और प्रकृति के लिए अपना जीवन समर्पित कर देते हैं। गांव महायुदिनपुर थिराना, मडलौडा, पानीपत निवासी पर्यावरण प्रेमी दीपक वर्मा ऐसे ही व्यक्तित्व हैं, जो पिछले 23 वर्षों से पर्यावरण संरक्षण, हरियाली विस्तार, स्वास्थ्य संवर्धन और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। चंडीगढ़ के राजकीय आदर्श उच्च विद्यालय, पाकेट-वन, मनीमाजरा, सेक्टर-13 में टीजीटी (गणित) के पद पर सेवारत दीपक वर्मा का प्रयास केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं, बल्कि एक स्वच्छ, स्वस्थ और जागरूक समाज के निर्माण का निरंतर अभियान है, जो आज क्षेत्र में प्रेरणा का केंद्र बन चुका है। वहीं, दीपक वर्मा ने अपने गांव सहित आसपास के क्षेत्रों और प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में अब तक पांच हजार पौधे रोप चुके है। ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा और सुरक्षित पर्यावरण मिल सके। इधर, प्रदूषण कम करने और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए दीपक वर्मा ने साइकिलिंग को अपनी दिनचर्या का अहम हिस्सा बनाया है। वहीं, दीपक वर्मा, पॉलीथिन व प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने के प्रति नागरिकों को समय समय पर जागरूक करते है।



पानीपत। दीपक वर्मा अपनी टीम के साथ पौधे रोपते हुए।



**पानीपत।** साइकिलिंग करते हुए दीपक वर्मा। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### सोशल मीडिया से जुड़े अपराधों से सावधान रहें

**अंबाला।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थंबड़ में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर के छठे दिन की शुरुआत "वंदे मातरम" एवं लक्ष्य गीत 'उठे समाज के लिए उठे' के सामूहिक गायन के साथ हुई। इसके पश्चात स्वयंसेवकों ने योग एवं व्यायाम कर दिनचर्या आरंभ की। विद्यालय की प्रधानाचार्या मनभावनी भल्ला ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया। उन्होंने विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल एवं सोशल मीडिया से जुड़े अपराधों से सावधान रहने का संदेश दिया।

### बिजली शिकायतों का आज होगा समाधान

**अंबाला।** बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण करने के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अंबाला शहर के कार्यकारी अभियंता यूएचबीवीएन कार्यालय में 1 जनवरी 2026 दिन वीरवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक बैठक का आयोजन किया जाएगा। डिविजनल उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम यूएचबीवीएन की अध्यक्षकता कार्यकारी अभियंता करेंगे। फोरम में बिजली संबंधित वे समस्याएं सुनी जाएंगी। जिनका उप मंडल अधिकारी कार्यालय से भी कोई समाधान नहीं हो पा रहा है।

### जलभराव को लेकर करें तैयारी: अजय

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि मानसून के दौरान जल-भराव की स्थिति से निपटने के लिए सभी विभाग अभी से तैयारियां शुरू करें। बाढ़ नियंत्रण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। उपायुक्त बुधवार को अपने कार्यालय के सभागार में बाढ़ बचाव प्रबंधन को लेकर सिंचाई, पब्लिक हैल्थ, राजस्व व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों की एक समीक्षा बैठक ले रहें थे इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीसी के माध्यम से राज्य सूखा राहत एवं बाढ नियंत्रण बोर्ड की बैठक ली।

### गांव जलुबी से 20 वर्षीय युवती लापता

**बराड़ा।** गांव जलुबी से एक 20 वर्षीय युवती लापता होने का मामला सामने आया है। गांव के सोम नाथ ने पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाई है कि उसकी 20 वर्षीय बेटी माया देवी बीते दिवस रात लगभग 12 बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई। वह अपने साथ आधार कार्ड, स्कूल सर्टिफिकेट और फैमिली आईडी लेकर गई थी, जबकि वह अपना टैब और फोन घर पर ही छोड़ गई।

## डीसी ने स्लम बस्ती के बच्चों के साथ मनाया उत्सव

# नए साल के जश्न पर जमकर थिरके छात्र, हरियाणवी नृत्य पर मचाया धमाल

**नए साल पर नए संकल्प के साथ आगे बढ़ने की दी प्रेरणा**

**कार्यक्रम में नृत्य करती छात्राएं व बच्चों को चाकलेट बांटते डीसी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला






हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद के सौजन्य से तथा उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में जिला बाल कल्याण परिषद अंबाला द्वारा बुधवार को अंबाला छावनी के लघु बाल भवन में नववर्ष-2026 के उपलक्ष्य में एक नायाब कदम हैप्पीनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपायुक्त एवं जिला बाल कल्याण परिषद के अध्यक्ष अजय सिंह तोमर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने स्लम एरिया व बाल भवन से जुड़े बच्चों के साथ नववर्ष-2026 की पूर्व संध्या पर आयोजित उत्सव मनाया। इससे पहले जिला बाल कल्याण अधिकारी विश्वास मलिक ने उपायुक्त का यहां पहुंचने पर हार्दिक अभिनंदन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त ने दीपशिखा प्रज्वलित कर किया। इससे पूर्व उन्होंने बाल भवन के प्रांगण में पौधारोपण भी किया। उपायुक्त ने बच्चों, अभिभावकों व अन्य सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 2025 अपने साथ कुछ खट्टी व कुछ मीठी यादें छोड़कर जा रहा है। नववर्ष प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में नई शुरुआत का प्रतीक होता है। यह हमें नई सोच, नए संकल्प और सकारात्मक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि परिस्थितियां चाहे कैसी भी हों, शिक्षा, मेहनत, लग्न और आत्मविश्वास से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि आप सभी में असीम प्रतिभा है। जरूरत है तो केवल अपने ऊपर विश्वास रखने और निरंतर प्रयास करने की। शिक्षा ही वह माध्यम है, जो आपके जीवन को नई दिशा और ऊंचाइयों तक ले जा सकती है। उन्होंने बच्चों द्वारा प्रदर्शित शिक्षा पर आधारित स्किट की सराहना करते हुए कहा मैं बच्चों को व उनके अभिभावकों को यह कहना चाहूंगा कि बच्चों का भविष्य उनकी शिक्षा पर निर्भर करता है। शिक्षा के माध्यम से बच्चे अपना भविष्य बेहतर बना सकते हैं।

### बच्चों को चॉकलेट वितरित किए

उपायुक्त ने कहा कि सभी बच्चे जन्म से एक समान अवसर नहीं मिलते। कई बार अभिभावक बच्चों को वो सुविधा नहीं दे पाते जो उनके लिए जरूरी होती है। उन्होंने कहा कि प्राइवेट व सरकारी स्कूलों में शिक्षा के स्तर में कोई अंतर नहीं होता। उन्होंने अपनी 12वीं तक की शिक्षा सरकारी स्कूल में प्राप्त की है। सरकारी स्कूल में पढ़कर भी मेहनत व लग्न के साथ अपना भविष्य बेहतर बनाया जा सकता है। इस मौके पर एसीयूटी राहुल कंवरिया, कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार, इंसानियत फाउंडेशन के निदेशक गीतांश मल्होत्रा, राकेश मक्कड़ व इंद्रजीत सिंह के साथ-साथ अन्य अधिकारी व बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने बाल भवन से जुड़े बच्चों के लिए सर्दियों के मौसम में जैकेट इत्यादि देने के लिए अपना एक महीने का वेतन देने के लिए कहा। इसके साथ-साथ उन्होंने बच्चों को चॉकलेट भी वितरित किए और मंच पर प्रस्तुति देने वाले प्रतिभागी बच्चों को उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।



प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए।

### खेलकूद में ग्रामीण महिलाओं ने दिखाया जोश

## 400 मीटर रेस में कंबास की काजल बनी विजेता

**बराड़ा।** महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी किरण बाला के नेतृत्व में खंड स्तरीय ग्रामीण महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता अकाल अकादमी होली में आयोजित हुई। इस अवसर पर किरण बाला ने कहा कि ग्रामीण महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं अत्यंत आवश्यक हैं। इससे महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे घर की चारदीवारी से बाहर निकलकर अपनी छुपी हुई प्रतिभा को उजागर कर पाती हैं। उन्होंने कहा कि खेल गतिविधियों से महिलाओं का हौसला बढ़ता है और उनमें सामाजिक सहभागिता की भावना विकसित होती है। साइकिल रेस में सिरसगढ़ की अनु ने मारी बाजी। 30 वर्ष से कम आयु वर्ग में साइकिल रेस में अनु (सिरसगढ़) प्रथम, मीनाक्षी (अधोया) ने द्वितीय तथा रविंद्र कौर (धीन) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### 100 मी. में आरती प्रथम

400 मीटर दौड़ में काजल (कंबास) प्रथम, प्रियंका (अधोया) द्वितीय तथा रविंद्र कौर (धीन) तृतीय रहीं। 300 मीटर दौड़ में प्रियंका (अधोया) ने प्रथम, निधि (उगाला) ने द्वितीय और संजना (जफरपुर) ने तृतीय स्थान हासिल किया। 100 मीटर दौड़ में आरती (सरदेहड़ी) प्रथम, रीना (बराड़ा) द्वितीय और पूनम (शेरपुर) तृतीय स्थान पर रहीं। डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में रीना (बराड़ा) ने प्रथम, स्मृति (सुहाना) ने द्वितीय तथा संगीता (सुभरी) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में सीमा देवी (सरदेहड़ी) प्रथम, निर्मला (सुहाना) द्वितीय और ममता देवी (सरदेहड़ी) तृतीय रहीं। विजेता प्रतिभागियों को महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुपरवाइजर अंजू कश्यप, उमा रानी, संयोगिता रानी, सिमरप्रीत कौर, रजनी, पीटीआई देवेंद्र कौर, पीटीआई अंजू बाला, पीटीआई दीपक, स्वास्थ्य विभाग से सीएचओ अलीशा व एएनएम निशा तथा पुलिस विभाग मुलाना से पूजा व सीमा का विशेष सहयोग रहा।

## खेलकूद प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाया दम, उत्कृष्ट खिलाड़ियों को किया सम्मानित




**बराड़ा।** डीएवी में बुधवार को वार्षिक स्पोर्ट्स मीट खेल उत्सव का आयोजन उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएवी स्कूल के मैनेजर डॉ. आरआर सूरी रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगरपालिका के चेयरमैन रजत मलिक और आचार्य गोपाल शर्मा ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों द्वारा मशाल जलाकर की गई, जिसने बच्चों में उत्साह का संचार किया। सूरी ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास तभी संभव है जब उन्हें कक्षा से खेल के मैदान तक समान अवसर मिलें। बच्चों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम दर्शकों का मन मोह लेने वाले थे। बच्चों की प्रस्तुतियों में कल्पना लोक से चंद्रयान तक भारत की सफलता की यात्रा का प्रदर्शन हुआ, जिसने सभी अतिथियों और अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय की योग टीम और डंबल प्रदर्शन ने नए आयाम स्थापित किए और उपस्थित सभी को आश्चर्यचकित किया। इस अवसर पर चेयरमैन रजत मलिक ने विद्यालय में पहुंचकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की।

**डीएवी स्कूल में वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का हुआ आयोजन, सूरी बोले खेल के बिना छात्रों का सर्वांगीण विकास संभव नहीं**

## रेलवे में नौकरी दिलवाने का लालच देकर दो सगी बहनों से 15 लाख रुपये की ठगी

**मुलाना।** सरकारी नौकरी के लिए दो सगी बहनों के साथ लाखों रुपये की धोखाधड़ी हो गई। आरोपियों ने रेलवे में टिकट कलेक्टर (टीसी) लगवाने के नाम पर 15 लाख रुपये हड़प लिए और युवतियों को फर्जी ज्वाइनिंग लेटर व सर्विस बुक तक थमा दी। जब असलियत सामने आई और परिवार ने पैसे वापस मांगे, तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। डुलियानी गांव के करनैल सिंह की शिकायत पर पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। नामजद आरोपियों में बलकार, पायल अंकित वासी महमूदपुर, यमुनानगर, नवनीत वासी दोसड़का व मनीष राय शामिल हैं। करनैल सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी दो बेटियां सतबीर कौर व कुलबीर कौर स्नातक हैं। लंबे समय से सरकारी नौकरी की तैयारी कर रही थीं। इस दौरान उनके बेटे के साथ पढ़ने वाले नवनीत ने जाल बिछाया। नवनीत ने दावा किया कि बलकार नाम के व्यक्ति की रेलवे में ऊंची पहुंच है और वह आसानी से सरकारी नौकरी लगवा सकता है। आरोपियों के झांसे में आकर परिवार 15 लाख रुपये देने को तैयार हो गया। शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने किश्तों में यूपीआई, आरटीजीएस और नकद के माध्यम से पूरी राशि वसूल ली। ठगी को असली रंग देने के लिए 18 अगस्त 2025 को दोनों युवतियों को पूर्वी रेलवे के आसनसोल मंडल (कोलकाता) ले जाया गया।

**परिवादी का आरोप, आरोपियों ने उसकी बेटियों को नौकरी का लालच देकर कोलकाता में बनाया बंधक, फर्जी ज्वाइनिंग लेटर भी दिए**

## 21.5 एकड़ में आबाद हो रही 6 अवैध कॉलोनियों में चला बुलडोजर, 27 निर्माणाधीन भवन ढहाए



**अंबाला।** जिला नगर योजनाकार के दस्ते द्वारा अर्बन एरिया में लगभग 21.5 एकड़ में बनी 6 अवैध कॉलोनियों में तोड़फोड़ की कार्रवाई की। इसमें गांव चंदपुरा में लगभग 10 .1 एकड़ में अवैध रूप से विकसित की जा रही 2 अवैध कॉलोनियों, गांव सरसहेड़ी में लगभग 10 .2 एकड़ में विकसित की जा रही 3 अवैध कॉलोनियों तथा गांव रोलों में लगभग 1 एकड़ में गैरकानूनी रूप से विकसित की जा रही 1 कालोनी में तोड़-फोड़ की गई। इन कॉलोनियों में बनी हुई कच्ची सडक़ों के जाल तथा 27 निर्माणाधीन भवन पूर्ण रूप से ध्वस्त कर दिए गए। मौका पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान, कनिष्ठ अभियंता रविंद्र पंवार तथा एसएचओ इंफोर्समेंट भारी पुलिस बल के साथ मौका पर उपस्थित थे। मौके पर उपस्थित जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान ने लोगों से अपील की कि वे ऐसी अवैध कॉलोनियों में जमीन न खरीदें। उन्होंने कहा कि ये कॉलोनियां पूरी तरह से अवैध हैं। इन कॉलोनियों में जमीन खरीदना पूरी तरह से गैरकानूनी है। उन्होंने साफ कहा कि यहां जमीन की खरीदारी करने वाले लोगों द्वारा बनाए जाने वाले भवनों में तोड़फोड़ की कार्रवाई की जाएगी।

## युवती से रेप का प्रयास करने वाला टीटीआई पानीपत जीआरपी के हवाले

**अंबाला।** नई दिल्ली से जम्मू जा रही झेलम एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर 11077) में तैनात टीटीई विनोद कुमार ने युवती के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। पीड़िता की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए जीरो एफआईआर दर्ज गई है। आरोपी टीटीई विनोद कुमार को आगामी कार्रवाई के लिए पानीपत जीआरपी के सुपुर्द कर दिया है।जम्मू की पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी बहन के साथ नई दिल्ली से जम्मू जा रही थी। ट्रेन में ड्यूटी पर तैनात टीटीई विनोद कुमार ने उनकी सीटें कंफर्म करने का झांसा दिया। टीटीई ने दोनों बहनों को अलग-अलग कोच में भेज दिया। पीड़िता को कोच संख्या बी-4 से बी-1 में ले जाया गया। टीटीई ने बी-1 कोच में युवती के साथ अश्लील हरकतें शुरू कर दी। इसके बाद वह उसे जबरन पेंट्री कार की ओर ले गया। यहां उसने युवती के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। युवती के शोर मचाने पर वह किसी तरह वहां से बचकर अपनी बहन के पास पहुंची और आपबीती सुनाई।

## गली बनाने का काम शुरू, चेयरमैन ने किया शुभारंभ



**बराड़ा।** नगर पालिका के चेयरमैन रजत मलिक ने वार्ड नंबर 15 में बनने वाली नई गली के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर वार्ड के सदस्य विजय छाबड़ा सहित अन्य स्थानीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। यह गली विशाल कुमार के घर से लेकर बबल सिंह के घर तक बनाई जा रही है। लंबे समय से इस गली के निर्माण की मांग थी, जिसे प्रधान रजत मलिक ने गंभीरता से लेते हुए कार्य शुरू कराया। गली के निर्माण से वार्डवासियों में उत्साह का माहौल रहा। स्थानीय लोगों ने फूल-मालाओं के साथ प्रधान रजत मलिक का स्वागत किया और विकास कार्य शुरू करवाने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। लोगों का कहना है कि इस गली के बन जाने से आवागमन सुगम होगा और जलभराव जैसी समस्याओं से भी निजात मिलेगी। इस दौरान वार्डवासियों ने वार्ड की अन्य समस्याओं के बारे में भी प्रधान को जानकारी दी। मलिक ने सभी बातों को ध्यानपूर्वक सुना और मौके पर ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि नगर का सर्वांगीण विकास हमारी प्राथमिकता है। पूरे शहर की समस्याओं को चरणबद्ध तरीके से दूर किया जा रहा है।

## आरोपी रेडियोग्राफर को लेकर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस, जांच में जुटाए साक्ष्य

**अंबाला।** अंबाला कैंट के नागरिक अस्पताल में एक्स-रे रूम में जांच कराने गई एक 9 वर्षीय बच्ची के साथ छेड़छाड़ करने वाले रेडियोग्राफर यूपी के अमित को पुलिस बुधवार घटना स्थल पर लेकर गई और साक्ष्य जुटाए। आरोपी का मेडिकल भी करवाया गया ताकि आरोपी को कोर्ट में पेश करके आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा सके। कैंट थाना प्रभारी सुरेंद्र सिद्धू ने बताया कि आरोपी कर्मचारी पर पहले भी कई बार छेड़छाड़ के आरोप लग चुके हैं। इन मामलों की भी जानकारी हासिल की जा रही है। यह भी जानकारी मिली है कि आरोपी सीआरपीएफ में भी उप निरिक्षक के तौर पर काम कर चुका है। जांच-पड़ताल में यह भी सामने आया है कि आरोपी के ऊपर यूपी में भी एक दुष्कर्म का मामला दर्ज है। बता दें कि नागरिक अस्पताल में जांच करवाने आई नौ साल की बच्ची ने रेडियोग्राफर अमित कुमार पर छेड़छाड़ करने के आरोप लगाए थे। बच्ची क आरोप है कि आरोपी ने उसके साथ अस्पताल में दरिंदगी करने का प्रयास किया। इस मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया था।

## नागरिक अस्पताल में बच्ची से दरिंदगी पर बवाल-चित्रा बोली सत्ता तंत्र पर सवालिया निशान

**चिकित्सा व्यवस्था को भी खड़ा किया कठघरे, निष्पक्ष जांच की मांग**

अंबाला। अंबाला छावनी के सिविल अस्पताल में बच्ची के साथ हुई कथित दरिंदगी ने न केवल चिकित्सा व्यवस्था को कठघरे में खड़ा किया है, बल्कि उस सत्ता-तंत्र पर भी सवालिया निशान खड़ा कर दिया है जो सुरक्षा और सुशासन के दावे करते नहीं थकती। युवा नेत्री चित्रा सरवारा ने इस पूरे प्रकरण को "हमारे समाज और व्यवस्था पर वह दाग बताया है जिसे कोई प्रचार, कोई बयान और कोई लीपापोती नहीं धो सकती/". सरवारा के अनुसार, जिस नागरिक अस्पताल में लोग इलाज और राहत की उम्मीद लेकर जाते हैं, उसी स्थान पर यदि बच्चों के लिए भय और अपमान का डर बन जाए तो यह केवल एक अपराध नहीं, बल्कि प्रशासन की विफलता है। उन्होंने कहा कि एक्स-रे जैसे चिकित्सकीय बहाने के भीतर जो हुआ, वह दरअसल व्यवस्था के भीतर छिपी उस दुर्व्यवस्था को उजागर करता है। सवाल उठाता है कि ऐसी कौन सी कमी है सिस्टम में जिससे ऐसी चूक हो जाती है कि पहले से यौन शोषण का आरोपित व्यक्ति यहां पक्की नौकरी पा लेता है? उन्होंने तीखे शब्दों में सवाल उठाया कि आरोपी के खिलाफ पहले 2017 में भी गंभीर आरोप मौजूद होने के बावजूद उसे अस्पताल जैसे संवेदनशील संस्थान में नौकरी कैसे दी गई। किसने उसकी पृष्ठभूमि की अनदेखी की, किसकी सिफारिश पर उसे रखा गया और किसके संरक्षण में वह बेखौफ होकर काम करता रहा—ये प्रश्न केवल प्रशासन से नहीं, सीधे सत्ता से पूछे जाने चाहिए। युवा नेत्री ने कहा कि शहर में आम चर्चा है कि आरोपी को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त था। यदि ऐसा है, तो उन कथित संबंधों की निष्पक्ष और सार्वजनिक जांच होनी चाहिए। केवल एक आरोपी को पकड़कर जेल भेज देना पर्याप्त नहीं है; असली सवाल यह है कि उसे यहां तक पहुंचाने वाला तंत्र कौन-सा था और वह अब भी किन-किन चेहरों के पीछे छिपा बैठा है। उन्होंने भाजपा सरकार के महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा को लेकर किए गए सारे दावों का हवाला देते हुए कहा कि इस मामले की गहराई तक और निष्पक्ष जांच सरकार का इम्तेहान होगा... उन्नाव से लेकर अंकित भंडारी तक के मामलों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि सत्ता के आसपास अपराधियों को जिस तरह का संरक्षण मिलता रहा है, वही आज कहीं अस्पतालों तक तो नहीं पहुंच गया? "जब अस्पताल सुरक्षित नहीं, जब चिकित्सा के नाम पर डर बैठ जाए, तो आम नागरिक आखिर जाए तो जाए कहां?"—यह सवाल उन्होंने सरकार के सामने रखा। सरवारा ने आशंका जताई कि प्रशासन इस जघन्य घटना को 'एकल मामला' बताकर दबाने की कोशिश करेगा।



चित्रा सरवारा

